an>

title: Need to provide adequate financial assistance for providing drinking water and sewerage facilities in Karauli-Dholpur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

डॉ. मनोज राजोरिया **(करौली-धौलपुर):** मेरे संसदीय क्षेत्र के जिले धौलपुर एवं जिला करौली (राजस्थान) के कस्बों में पेयजल एवं सीवेज की समस्याओं की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि कस्बों में राजस्थान सरकार यथासंभव अधिक से अधिक कार्य करने की कोशिश कर रही है। राज्य सरकार के पास सीमित आर्थिक संसाधन होने की वजह से इच्छित कार्य को पूरा नहीं कर पा रही है।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर जिलों के कस्बों के लिए पेयजल एवं सीवरेज के लिए विशेष आर्थिक पैकेज बनाकर अधिक से अधिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।